राजस्थानी घूमर एवं सम्मान समारोह धूमधाम से हुआ सम्पन्न

गंगापुर सिटी (प्रा.सं.)। महिला जागृति संस्थान द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थानी घूमर एवं सम्मान समारोह 17 दिसंबर रविवार दोपहर 12 बजे से विजय पैलेस में आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष डॉक्टर कुसुम गुप्ता ने बताया कि मुख्य अतिथि अर्चना मीणा समाज सेवी एवं उधोगपति (सवाईमाधोपुर) एवं विशिष्ट अतिथि मंजू गुर्जर (प्रधान) एवं अलका बजाज (पूर्व प्रधान) एवं सुशील दीक्षित (भाजपा जिलाध्यक्ष), अपर्णा शर्मा, नीरज दीक्षित, रेखा अग्रवाल ,नेहा गुप्ता, एवं हनुमंत एवं डॉ. कुसुम गुप्ता द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन करके की।

चंचल जगवानी एवं चांदनी माखीजा ने बताया कि इस कार्यक्रम में भ्रूण हत्या रोकथाम के लिए उन महिलाओं को सम्मानित किया गया जिनके संतानों में बेटा नहीं है, जिनमें तीन बेटी या तीन बेटी से अधिक है उनको बेटी अनमोल रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। वीरता पुरस्कार उन व्यक्तियों को दिया गया, जिन्होंने पानी से, आग से, या दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाई हो। उनको वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में महिला जागृति संस्थान द्वारा चलाए जा रहे स्थाई सेवा प्रकल्प के अंतर्गत जो भी दानदाता पक्षियों के दाना चुग्गा एवं गायों को हरा चारा के लिए सहयोग राशि दे रहे हैं, उनको पक्षी सेवा सहयोगी सम्मान से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि अर्चना मीना एवं विशिष्ट अतिथियों ने कहा कि महिला जागृति संस्थान द्वारा समय-समय पर बहुत ही बहुत अच्छे और प्रेरणादायक कार्यक्रम किए जाते हैं महिलाओं की इतनी अपार भीड़ देखकर मेरा मन गदगद हो गया। जो की अपने आप में बहुत ही सराहनीय है। सीता डंगायच एवं आशा बंसल ने बताया कि इस कार्यक्रम में नवीन सदस्यों को सम्मानित किया गया। मुक्ता गुप्ता एवं दीप्ति गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में संस्थान की महिला द्वारा एक नाटक की प्रस्तुति दी गई। जिसमें जल संरक्षण, पर्यावरण की महत्वता, भ्रूण हत्या रोकथाम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मोबाइल के दुष्परिणाम, महिला सशक्तिकरण, आदि विषयों पर बहुत ही शानदार नाटक की प्रस्तुति दी गई।

मनीष माना ने अपने द्वारा बेटियों पर लिखी कविता का पाठ किया एवं डॉ कुसुम गुप्ता को लिखित कविता की तसवीर देकर सम्मनित किया। इस कार्यक्रम में सर्व समाज की महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। दर्शकों के लिए लकी ड्रा भी निकाले गए। इस कार्यक्रम में जयपुर, भरतपुर, ग्वालियर, कोटा दोसा, सवाईमाधोपुर, दिल्ली आदि शहरों से पधारे आगंतुकों ने कार्यक्रम में भाग लिया।मंच संचालन कोटा के एंकर योगेश वर्मा एवं महेश गुप्ता सर्वेयर ने किया।

हेमंत शर्मा और मिथलेश शर्मा को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि

गंगापुर सिटी (प्रा.सं.)। स्थानीय नसिया कॉलोनी स्थित कुहू इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक हेमंत कुमार शर्मा को और स्कूल की

प्रधानाचार्य मिथलेश शर्मा को 17 दिसंबर 2023 को इंडिया हैबिटेट सेंटर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में मैरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मैरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी यूएसए के चांसलर वाइस चांसलर और रजिस्ट्रार भी उपस्थित थे। इस अवसर पर हेमंत कुमार शर्मा ने बताया कि स्थानीय कुहू इंटरनेशनल स्कूल पिछले 23 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। स्कूल ने हमेशा से बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम तो दिए ही हैं इसके अलावा मेधावी और गरीब छात्रों को निशुल्क शिक्षा भी उपलब्ध कराई है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाई है। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने सभी शुभचिंतकों का और शहर वासियों का आभार व्यक्त किया है।

ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन 21 दिसम्बर से

जयपुर (का.सं.)। श्रीमद्भागवत कथा सुधारसधारा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन 21 से 28 दिसम्बर 2023 तक ए आर जी ऑडिटोरियम, श्री खण्डेलवाल वैश्य महासभा भवन, पुलिस अकादमी के सामने, शास्त्री नगर, जयपुर पर आयोजित किया जा रहा है। ज्ञान यज्ञ महोत्सव के आयोजक ब्रज मोहन गुप्ता ने बताया कि परमपूज्य गोल्डमेडलिस्ट भागवतभूषण वैदिकमार्तण्ड अमिताचार्य जी महाराज 21 से 28 दिसम्बर 2023 तक दोपहर 2.00 बजे से सायं 6 बजे तक कथावाचन करेंगे।

सड़क दुर्घटना में मां-बेटे की मौत, पांच जने घायल

भरतपुर (प्रा.सं.)। राष्ट्रीय राजमार्ग पर नसवारा के निकट की टक्कर से अनियंत्रित हुई कार एक पेड़ से टकरा गई जिसमें कार सवार माता-बेटे की मौत हो गई जबकि अन्य पांच जने घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग पर नसवारा गांव के पास एक ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। जिससे कार बबूल के पेड़ से टकराती हुई सड़क किनारे जा गिरी। जिसमें सवार सात लोगों में से मां-बेटे की मौत हो गई। अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें भरतपुर रैफर कर दिया गया। ये लोग गुजरात के अहमदाबाद निवासी थे। जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम तकरीबन 4.30 बजे नसवारा गांव के पास एक गुजरात नंबर की गाड़ी को किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे कार बबूल के पेड़ से टकराती हुई सड़क किनारे जा गिरी। धमाके की आवाज सुन ग्रामीण मौके पर पहुंचे जहां चीख पुकार मची हुई थी। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। थोड़ी देर में थाना पुलिस पहुंची और एंबुलेंस बुलाकर घायलों को स्थानीय चिकित्सालय पहुंचाया गया। थानाधिकारी नरेश पोसवाल ने बताया कि कार में सात सवारी मौजूद थी। जिसमें जेवा उम्र 5 व उसकी मां अली (35) की मौत हो गई। जबकि कबीर (15), जुबेरिया पत्नी इमरान, अजहर, इमरान व अलीपा (6) गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक व घायल अहमदाबाद के बताए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मृतक मां बेटे के शव को स्थानीय मोर्चरी में रखवाया गया है तथा घायलों को जिला अस्पताल के लिए चिकित्सकों ने रैफर कर दिया जिन्हें अलग-अलग एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया गया।

दिन दहाडे सूने मकान में चोरी, 5 से 6 लाख रूपए के आभूषण सहित 40 हजार रूपए की नगदी पार

कामां (प्रा.सं.)। कस्बां के दिल्ली दरवाजा मौहल्ला में दिन दहाडे एक सूने मकान को अज्ञात चोरो ने निशाना बनाते हुए करीब 5 से 6 लाख रूपए के सोने चांदी के जेवरात सहित करीब 40 हजार रूपए की नगदी चोरी कर ले गए। मकान मालिक के परिजन अपनी रिस्तेदारी में गोद भराई रस्म में शामिल होने गए थे। जबकि मकान मालिक कस्बें के बस स्टैण्ड पर ढेला लगाने गया हुआ था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लेते हुए थाने में मामला दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार कस्बां के दिल्ली दरवाजा मौहल्ला निवासी सुनील कुमार पुत्र रामबाबू शर्मा ने रिपोर्ट में कहा है कि उनका परिवार घर का ताला लगाकर कस्बां के शीतला कुण्ड निवासी महेश पुत्र रूपचंद शर्मा के यहां गोद भराई कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे। और उनके पिता रामबाबू कस्बें के बस स्टैण्ड पर ढेला लगाकर मूंगफली बेचने गए हुए थे कि पीछे से अज्ञात चोरो ने घर में रखी अलमारी का ताला तोडकर 40 हजार रूपए की नगदी सहित सोने के 70 ग्राम वजन के गहनों में सोने की चैन, पेण्डिल, अंगूठी, गले का लोकेट, नाक की बाली, कानो के कुण्डल, ओम सोने का, नाक के काटे तथा 500 ग्राम चांदी के तोडिया, चूटकी, कोथनी, चंदा सूरज, गले का मंगल सूत्र अन्य जेवरातों को चोरी कर ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लेते हुए अज्ञात चोरी की तलाश कर दी है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित

सजगता के साथ केन्द्र की योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें : लोक बंधु

भरतपुर (प्रा.सं.)। जिला कलक्टर लोक बंधु ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में सभी विभाग दिए गए लक्ष्यों के अनुरूप मौके पर आमजन को लाभान्वित करते हुए विभागीय उपलब्धि पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर सोमवार को वीसी के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी ग्राम पंचायत स्तर पर अथवा शहरी क्षेत्र में वार्ड स्तर पर आयोजित होने वाले शिविरों में उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए मौके पर योजनाओं के पात्र लोगों को लाभ दिलायें। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में पात्र लोगों का शिविर से एक दिवस पूर्व चयन कर आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कराकर शिविर में लाभान्वित करें।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद करते हुए उनके जीवन आये बदलाव पर केन्द्रित वीडियो 'मेरी कहानी-मेरी जुबानी' के रूप में तैयार कर पोर्टल पर समय पर अपलोड करें।

जिला कलक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रतिदिन शिविर में उपस्थित होने तथा उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसी भी योजना की प्रगति में शिथिलता पायी गई तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिविर आयोजन से पूर्व प्री-कैम्प आयोजित कर योजनावार चिन्हित लाभान्वितों एवं पात्रजनों को सूचीबद्ध करन सुनिश्चित करें। उन्होंने शिविर आयोजन से पूर्व व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने, स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सूचित करते हुए आमंत्रित करने के निर्देश दिये। उन्होंने शिविर में आने वाले प्रत्येक नागरिक की स्वास्थ्य जांच करने, विभागीय योजनाओं की जानकारी देने व सोशल प्रिन्ट मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये।

जिला परिषद के सीईओ दाताराम ने अभियान के बारे में केन्द्र सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि सभी अधिकारी प्रतिदिन की प्रगति की व्यक्तिशः जांच कर अपलोड करें, किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें। उन्होंने प्रतिदिन अभियान की जानकारी विभिन्न माध्यमों में से आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिये। नगर निगम आयुक्त बीना महावर ने शहरी क्षेत्रों में संचालित कैम्पों के माध्यम से केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री सेवा निधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना सहित विभिन्न योजनाओं से आमजन को लाभान्वित करने एवं योजनाओं के बारे में आईसी गतिविधियों के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। इस अवसर पर अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन रतन कुमार, अतिरिक्त कलक्टर शहर श्वेता यादव, डीआईओ अशोक कुमार सहित सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे एवं उपखण्ड स्तरीय अधिकारीगण वीसी के माध्यम से जुड़े।

सांस्कृतिक गतिविधियॉ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक एमएसजे कॉलेज में हुआ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

भरतपुर (प्रा.सं.)। महारानी श्री जया राजकीय महाविद्यालय में महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय के 'द्वितीय युवा महोत्सव' के

तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन 'साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति' के तत्वावधान में किया गया। इन प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ. हरवीर सिंह एवं वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ.ओमप्रकाश सोलंकी, डॉ.इला मिश्रा एवं समिति संयोजक डॉ. अशोक कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस मौके पर प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियॉ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक होती हैं। वाद विवाद प्रतियोगिता का शीर्षक 'ऑनलाइन शिक्षण शिक्षा का भविष्य है' इसके पक्ष एवं विपक्ष में प्रतिभागियों द्वारा तर्क प्रस्तुत किए गये। जिसके पक्ष में प्रथम स्थान पर देव अग्रवाल एवं द्वितीय स्थान पर प्रवेश पचौरी रहे जबकि विपक्ष में प्रथम स्थान पर यशस्वी कटारा एवं द्वितीय स्थान पर प्रवेश कुमारी रहे। वाद विवाद प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. सुनीता कुलश्रेष्ठ, डॉ. डिम्पल जायसवाल एवं सोनल रहीं। इसके पश्चात आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर शैलेंद्र कुमार एवं द्वितीय स्थान पर नंदिनी कुमारी रहीं।

एनएसएस का 7 दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ

भरतपुर (प्रा.सं.)। श्री अग्रसेन महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस इकाई के तत्वाधान में एनएसएस के विशेष शिविर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. गम्भीर सिंह ने दीप प्रज्जवलित करके किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ स्वयंसेविकाओं की ओर से एनएसएस के लक्ष्य गीत के साथ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. गंभीर सिंह ने स्वंयसेविकाओं के सम्मुख एनएसएस के मुख्य ध्येय ' नॉट मी वट यू' को समझाते हुए विशेष शिविर के लिए शुभकामनाऐं दी। कार्यक्रम के परामर्श अधिकारी डॉ. सतीश कुन्तल ने स्वंयसेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों से परिचित करवाया।

कार्यक्रम अधिकारी रूवी सिंघल ने मंच संचालन करते हुए सभी स्वयंसेविकाओं को आगामी सात दिवसीय कार्यक्रम से अवगत कराते हुए सात दिवसीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डॉ. सीमा जादौन, डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा, रीना सिंघल, गणेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे। स्वामी विवेकानन्द पीजी कॉलेज में सात दिवसीय एनएसएस कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। राष्ट्रीय एनएसएस कलेण्डर के योजनानुसार आयोजित इस सात दिवसीय शिविर का उद्घाटन कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुरशचंद डागुर ने किया। इस मौके पर डॉ. सुरेश चन्द डागुर ने स्वयंसेवकों को एनएसएस इकाईयों की गतिविधियों एवं उपलब्धियों से अवगत कराया। इस मौके पर रजत जैन, डा.गुंजन आर्य, देवेश कटारा, डॉ. दीपिका चौधरी, नवल देवी, रामप्रताप, शिवकुमार, गौतम लाल, अचला यादव आदि मौजूद रहे।

सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर की भर्ती 22 से

टोंक (प्रा.सं.)। भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं ग्लोबल स्किल प्लेसमेंट के सौजन्य और एसएससीआई के संयुक्त तत्वाधान में भर्ती कैंप आयोजित किया जा रहा है। दस्ता परिषद के हरे कृष्ण औझा ने बताया कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने के लिए सिक्युरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा 22 दिसंबर को पंचायत समिति टोडारायसिंह, 23 को मालपुरा, 24 को निवाई, 25 को देवली, 26 को पीपलू, 27 को उनियारा एवं 28 दिसंबर को पंचायत समिति टोंक में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपनी 10वीं एवं 12 वीं की अंकतालिका, दो पासपोर्ट साइज फोटो तथा आधार कार्ड के साथ उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 8787090926 एवं 8079029369 पर संपर्क कर सकते हैं।

मनु दीदी बनी जैन साध्वी क्षुल्लिका सुधर्म नंदनी माता

कामां (प्रा.सं.)। वर्तमान समय में दीक्षा लेना बडा ही कठिन कार्य है यू कहे कि कॉटो से भरा ताज पहनने के समान है तो कोई अतिश्योक्ति नही होगी किंतु यदि किसी कठिन कार्य को करने की ठान लें तो फिर सरल ही लगने लगता है। जनेश्वरी दीक्षा बिरले ही ले पाते हैं क्योंकि ये संयम का मार्ग है इस पर चलना स्वयं के जीवन को परिवर्तित कर मोक्ष मार्ग की ओर प्रवत्त करना है। उक्त बात जैनाचार्य वसुनंदी महाराज ने जम्बूस्वामी तपोस्थली बोलखेडा पर आयोजित दीक्षा समारोह में जैन श्रावकों से व्यक्त किए। तपोस्थली के प्रचार प्रभारी संजय जैन बडजात्या ने बताया कि आचार्य ससंघ के सानिध्य में जैनेश्वरी दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया तो मुरैना की ब्रह्मचारिणी प्रमेया उर्फ मनु दीदी को क्षुल्लिका दीक्षा प्रदान की गई। इस अवसर पर नवदीक्षार्थी के माता पिता बन दीक्षा के संस्कार करवाने का सौभाग्य भूपेंद्र जैन रैना जैन दिल्ली को प्राप्त हुआ। वहीं नवीन पिच्छिका शशांक जैन आदिति जैन, कमंडलु पूरनचंद राजकुमार जैन अजमेर, जाप्य माला अजय जैन अंजली जैन पश्चिम विहार दिल्ली द्वारा भेंट किए गए।

टोंक महोत्सव के तहत 20 से 24 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे

टोंक (प्रा.सं.)। अंजुमन सोसायटी खानदाने अमिरिया और टोंक महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में जिला प्रशासन के सहयोग से 20 से 24 दिसंबर तक टोंक महोत्सव आयोजित किया जाएगा। 4 दिवसीय महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला कलेक्टर ने बताया कि कार्यक्रम के तहत बुधवार, 20 दिसंबर को सुबह 8 बजे नवाब अमीरूद्दौला की समाधि पर पुष्प अर्पित किये जाएंगे। सुबह 9 बजे बड़ा कुआं से अरबी-फारसी शोध संस्थान तक रन फॉर टोंक, 11 बजे एपीआरआई में रियासतकालीन प्रर्दशनी, सेमीनार, स्कालर्स एवं साहित्यकारों का व्याख्यान एवं सायं 7:30 बजे प्रेरणा ग्रुप की ओर से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। महोत्सव से दूसरे दिन 21 दिसंबर को सुबह 9 बजे सआदत पवेलियन में क्रिकेट प्रतियोगिता, 10 बजे खलील क्लब में टेनिस, 11 बजे डॉ. भीमराव अंबेडकर जिला खेल स्टेडियम में बैडमिंटन, दोपहर 1 बजे अरबी फारसी शोध संस्थान में पंजा लडाना प्रतियोगिता तथा रात्रि 8 बजे कृषि ऑडिटोरियम में कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। तीसरे दिन 22 दिसंबर को सुबह 11 बजे एपीआरआई में रंगोली, मेहंदी एवं म्यूजिकिल व्हील चैयर प्रतियोगिता एवं रात्रि 8 बजे चारबेत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 23 दिसंबर को अरबी फारसी शोध संस्थान में रात्रि 8 बजे मुशायरा होगा। जिला कलेक्टर ने बताया कि समापन दिवस 24 दिसंबर को सुबह 8:30 बजे पुरानी टोंक गढ़ में पूजा अर्चना की जाएगी।

निवाई में अन्तर्राज्यीय नकबजन गिरोह का मुख्य सरगना गिरफ्तार

आरोपी ने गैंग में शामिल कर रखे है करीब आधा दर्जन हिस्ट्रीशीटर व नकबजन

टोंक (प्रा.सं.)। जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज द्वारा प्रदत्त निर्देशों की पालना में थाना निवाई क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड़ व कस्बा निवाई में हो रही चोरी, नकबजनी की वारदातों के खुलासे को लेकर अति. पुलिस टोंक आदर्श चौधरी, वृत्ताधिकारी निवाई महावीर सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी निवाई हरिपाल सिंह के नेतृत्व में गठित टीम गठित की गई, जिसमें हैड कांनि. गजराज सिंह, नीरज कुमार, कांनि. राधाकिशन, गजेन्द्र एवं धर्मराज, हेमराज द्वारा कार्रवाही करते हुये कस्बा निवाई में 22-23 नवम्बर की रात्री में कृषि मण्डी से 5-7 दुकानों के ताले तोड़कर लाखों रुपये की नकबजनी करने वाली अन्तर्राज्यीय गैंग के मुख्य सरगना इमरान पुत्र ईस्लाम शाह फकीर (21) साल निवासी बघेरा रोड़, भट्टा कॉलोनी विनायक नगर केकड़ी थाना केकड़ी

जिला केकड़ी को बाद पूछताछ जुर्म प्रमाणित पाया जाने पर गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी निवाई हरिपाल सिंह 23 नवम्बर को सुशील कुमार पुत्र रामफूल अग्रवाल निवासी दीनदयाल कालोनी कस्बा निवाई मय संजय कुमार जैन, अंकुश जैन, राजेन्द्र कुमार जैन ने एक रिपोर्ट इस आशय की पेश कि झिलाई रोड़ स्थित कृषि मण्डी में रात्रि करीब 2 बजे अज्ञात चोरों ने मण्डी में विमल कुमार सुशील कुमार एक लाख दस हजार, रामनारायण, रामकिशोर एक लाख अठारह हजार, कल्याण बक्स रामकिशोर, भागचन्द, महेन्द्र कुमार के ताले तोड़े एवं आस-पास की दुकानों के ताले तोडने की कोशिश की सीसीटीवी कैमरे के अनुसार 2.10 का समय दिख रहा है। मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान हैड कांनि. गजराज सिंह द्वारा गया।

थानाधिकारी निवाई हरिपाल सिंह कृषि मण्डी निवाई में दुकानों के ताले तोड़कर चोरी की घटना को लेकर कृषि मण्डी व्यापारियों में काफी आक्रोश था, जिसको लेकर व्यापारियों ने घटना के खुलासे हेतु एसडीएम निवाई को भी ज्ञापन दिया था तथा बताया था कि पूर्व में भी हुई वारदातों का कोई खुलासा नही हुआ है। कृषि मण्डी निवाई में हुई उक्त वारदात के खुलासे के क्रम में उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार थाना हाजा पर विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा दर्ज प्रकरण के घटनास्थल के आस-पास के करीब 5-6 दर्जन सीसीटीवी कैमरों के फुटेज प्राप्त कर उनका गहनता से अवलोकन किया। घटनास्थल से प्राप्त सीसीटीवी फुटेजों को आस-पास के जिलों में भेजकर इस प्रकार की घटना कारित करने वाले पूर्व में चालानशुदा करीब 100 आरोपियान से पूछताछ की गई। टीमों द्वारा लगातार आसुचना संकलन कर प्राप्त सुचना को विकसित कर आरोपियान को चिन्हित किया, जिसमें वारदात करने वाली गैंग के एक सदस्य नसिब खान को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया। टीम द्वारा नकबजनी के मुख्य सरगना इमरान को बाद पूछताछ जुर्म प्रमाणित पाये जाने पर गिरफ्तार किया।

ICICI Home Finance | **कॉरपोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059, भारत

शाखा कार्यालयः प्लॉट नंबर 1, पहली मंज़िल, सहयोग भवन, एरोड्रम सर्कल, कोटा- 324007

(नियम 8(6) के प्रावधान देखें)

अचल मालमत्ता के बिक्री के लिए सूचना

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पढ़ी जाती है।

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका **प्रतीकात्मक कब्ज़ा** प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड को यहां दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है', और 'जो कुछ भी है' पर बेचा जाएगा;

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार कानूनी उत्तराधिकारी का नाम कर्ज खाता क्रमांक	सुरक्षित परिसंपत्ति (संपत्तियों) का विवरण जिसमें ज्ञात संपत्ति हो, कोई हो।	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / बयाना राशि	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	अविनाश पाठक (उधारकर्ता) मंजरी पाठक (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या NHKOT00001278345 और LHKOT00001278344	मकान नंबर 1116, सेक्टर-9 बसंत विहार योजना कोटा (राजस्थान) दादाबाड़ी कोटा।	रु. 25,58,095/- 07 दिसंबर 2023	रु. 24,09,987/- / रु. 2,41,000/-	15 जनवरी 2024 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक	25 जनवरी, 2024 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न

ऑनलाइन निलामी हमारी निलामी एजन्सी **ग्लोब टेक (यूआरएल लिंक https://BestAuctionDeal.com)** के वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। गिरवी रखने वाले/सूचना कुल धकबाकी रकम का **24 जनवरी, 2024** को **शाम 05.00** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल बकाया का भुगतान करने का आखिरी मौका दिया जाता है, अन्यथा ये सुरक्षित संपत्ति उपरोक्त कार्यक्रम के अनुसार बेची जाएंगी।

संभावित बोलीदाताओं को बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्लॉट नंबर 1, पहली मंजिल, सहयोग भवन, एरोड्रम सर्कल, कोटा - 324007** के तहत **24 जनवरी, 2024** को **शाम 04:00 बजे** से पहले जमा करना होगा। संभावित बोलीदाताओं को पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम और शर्तें फॉर्म की हस्ताक्षरित प्रति भी **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्लॉट नंबर 1, पहली मंजिल, सहयोग भवन, एरोड्रम सर्कल, कोटा - 324007** के तहत **24 जनवरी 2024** को **शाम 05.00 बजे** से पहले जमा करनी होगी। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी'** के पक्ष में **कोटा** में देय होना चाहिए।

जांच के संबंध में अधिक जानकारी के लिए, निलामी के नियम एवं शर्तें एवं निविदा को पेश करने के लिए कृपया **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड** के मो. क. **9920807300** पर या हमारे **सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेक्ससेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** पर सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास कोई भी कारण न देकर सर्व बोली रद्द करने का अधिकार आरक्षित हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के वेबसाइट **https://www.icicihfc.com/** से सम्पर्क करें।

दिनांक : 19 दिसंबर 2023
स्थान : कोटा

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड